Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title : Alleged smuggling of cow and its progeny to Bangladesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदय, भारत से बंग्लादेश को गोवंश की तस्करी बड़ी संख्या में हो रही है। माननीय रेल मंत्री ने ढाका तक रेल परिवहन की अनुमति देकर गोवंश तस्करी को और भी आसान बना दिया है। मार्च 2006 में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारत कृाि गो सेवा संघ बनाम आंध्र प्रदेश राज्य व अन्य के निर्णय के पैरा 63 में केन्द्र सरकार को निर्देश दिया है कि पशु संख्या में हो रही कमी तथा भारत के नागरिकों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए मांस निर्यात नीति पर पुनर्विचार करें। भारत सरकार ने इस संबंध में अभी तक क्या कार्यवाही की है?

समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि केन्द्र सरकार ने गोवंश तस्करी रोकने के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस तस्करी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं? सीमाओं पर फैंसिंग आदि समयबद्ध कार्यक्रम क्या हैं?